**खबर संक्षेप**

## कार से 1 लाख 70 हजार रूपये जप्त, नैनपुर में एसएसटी टीम की कार्यवाही

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत गठित एसएसटी टीम द्वारा जांच के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार से 1 लाख 70 हजार रूपए जप्त किए हैं। जानकारी के अनुसार एसएसटी टीम द्वारा बालाघाट सिवनी तिराहे पर नाका बनाकर आने जाने वाले वाहनों व लोगों की सघनता से चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान 23 मार्च 2024 को रात्रि करीब 11 बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर उसकी चेकिंग की गई जिसमें अनावेदक के पास रखे एक काले सफेद रंग के बेग को चैक करने पर उसमें 500, 100 व 200 रूपयों के नोटों की गड्डी मिली जो कुल 1 लाख 70 हजार रूपये होना पाया गया। अनावेदक से उक्त रूपयों के ले जाने के संबंध में पूछताछ करते उसके पास कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए जिसे लोकसभा चुनाव आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए उक्त राशि को विधिवत जप्त किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना नैनपुर बलदेव सिंह मुजाल्दा, उनि के.के. विश्वकर्मा पुलिस स्टॉफ थाना नैनपुर व एसएसटी टीम की भूमिका रही।

## 26 मार्च का स्थानीय अवकाश निरस्त

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा पूर्व में घोषित 26 मार्च 2024 के स्थानीय अवकाश को निरस्त कर दिया गया है। उक्त अवकाश के स्थान पर 11 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को दुर्गा महाष्टमी, दुर्गा नवमी का अवकाश घोषित किया गया है।

### रविवार रात होगा होलिका दहन-आज बरसेंगे रंग

# रंगों का त्यौहार होली आज





*** पिचकारी, रंग और गुलाल से सजी दुकाने।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

हिन्दू त्यौहारों में होली का अपना अलग महत्व है यह पर्व अन्य सभी पर्व से हटकर है। अन्य पर्वो में जहां साधनों-संसाधनों एवं सम्पन्नता महत्वपूर्ण होती है वहीं यह पर्व ऐसा है जहां अमीर-गरीब का फर्क नजर नहीं आता। लोग आपसी मतभेद भुलाकर भी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गले लगकर त्यौहार की शुभकामनायें देते है।

बदलते समय के साथ-साथ अब इस पर्व में भी बहुत सी बातें बदली है पहले की अपेक्षा यह पर्व अब उन गलतियों से परे हटकर आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देते हुये स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की भी चिंता करता है।

रंगों-गुलालों से सजा यह त्यौहार अब अनावश्यक लकड़ी जलाने को लेकर भी गंभीर है ऐसे रंग-गुलाल उपयोग किये जाने लगे हैं जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हितकर है। कीचड़, गंदगी एवं अन्य अनावश्यक पदार्थो का अब उपयोग नहीं होता। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब जबरन रंग लगाने की परम्परा पीछे छूटती जा रही है हाँ यह अवश्य है कि अब पहले जैसी फाग की बैठकें नहीं होती फिल्मी गानों पर ही लोग त्यौहार मना रहे हैं।

शहर के गली-चौराहे से लेकर बड़े-बड़े बाजारों तक रंग और पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। किराना की दुकानों पर अलग-अलग किस्मों के पापड़, नमकीन और गुझिया के सामान बिकने लगे हैं। वहीं बच्चों को लुभाने के लिए बाजार में 10 रुपये से लेकर हजार रूपये तक की पिचकारी उपलब्ध है। बाजार में प्रेशर पिचकारी, स्टेनगन, स्पाइडरमैन, मिसाइल, जोकर, पिस्टल, मछली आदि बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन इनकी महंगी कीमत गरीब लोगों पर भारी पड़ रही है।

दुकानदारों का कहना है कि रंगों के त्योहार पर होली खेलने के लिए लाल व हरे रंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। दुकानदारों की मानें तो ब्रांडेड कंपनियों ने लाल व हरे कलर के रंग ही मार्केट में उतारे हैं। वहीं गुलाल की पैकिंग लाल, हरे, पीले व गुलाबी कलर के पाउच में आई है। बाजारों में अबीर व गुलाल की बहार है।

### होली टोपी की मची धूम

नगर में होली टोपी की बिक्री जोरों पर है। युवा वर्ग होली टोपी की खरीददारी जोरों पर कर रहे। रंगबिरंगी होली टोपी 20 रुपये से लेकर 200 रुपये तक बाजार में बिक रही है। मुंह में लगाने वाला कार्टून मुखौटा और कई तरह के मुखौटा भी बाजार में 40 रुपये से लेकर 300 रूपये में उपलब्ध है।

### बच्चों के लिए सजे आकर्षक मुखोटे

नगर में दुकानों पर रंग, गुलाल के अलावा अनेक तरह के आकर्षक मुखौटे भी सज गए हैं। जिन्हें बच्चे होली के त्योहार पर अपने चेहरों पर सजाएंगे। जिसमें मोटू पतलू, आयरन मैन, स्पाईडर मैन के अलावा विविध तरह के कार्टूनों के चेहरे व कुत्ता, बिल्ली, शेर, चीता जैसे जानवरों के चेहरों के मुखौटे दुकानों पर उपलब्ध हैं। ये पांच से 40 रुपये 300 रूपये तक बिक रहे है।


### होली पर्व पर मिलावट खोरों की नजर

पर्व करीब आते ही बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री तेज हो जाती है। दूध में रिफाइंड तो मावा में मिल्क पाउडर का प्रयोग हो रहा है। कुछ दुकानदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया घी व तेल की बिक्री शुरू कर देते है। बता दें कि 25 मार्च को होली का त्योहार है इसलिए गांव से लेकर शहर तक खाद्य पदार्थो में मिलावट का धंधा जोरों से शुरू हो गया है। वैसे तो हर मौसम में यह धंधा चलता रहता है, मगर होली, दीवाली, रक्षा बंधन जैसे त्योहारों पर यह कारोबार जोर पकडने लगता है।





## जिले से बाहर संलग्न शिक्षकों होगी वापसी-कमलेश तेकाम



कार्यालय सहायक आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग मण्डला
actw.mdl@mp.gov.in
क्र./सहा.आयु./शिक्षा स्था./2023–24/10826 मण्डला दिनांक 1//03/2024

प्रति
संभागीय उपायुक्त महोदय,
जनजाति तथा अनुजाति विकास
जबलपुर संभाग जबलपुर।

विषय :- जिला मण्डला के शिक्षकों को जिला जबलपुर में संलग्नीकरण बाबद्।
संदर्भ :- माननीय इंजी.कमलेश तेकाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत मण्डला का पत्र क्र./जि.पं./स्था./ओ.एस./2023–24/506 दिनांक 14.03.2024
—00—

उपरोक्त विषयांकित एवं संदर्भित पत्रानुसार कलेक्टर महोदय द्वारा की गई टीप अनुसार जनजातीय कार्य विभाग मण्डला के अंतर्गत पदस्थ कर्मचारी जिन्हें जिला जबलपुर में संलग्न किये गये कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त करते हुए मूल पदस्थ संस्था की ओर कार्यमुक्त करने हेतु लिखने के निर्देश दिये गये है। अतः संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर अनुरोध है कि संबंधित कर्मचारियों को कार्यमुक्त करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय जिला मण्डला की ओर प्रेषित करने का कष्ट करें।
संलग्न :- संदर्भित पत्र की छायाप्रति।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग मण्डला

पृ.क्र./सहा.आयु./ शिक्षा स्था./2023/10827 मण्डला दिनांक 2//03/2024
प्रतिलिपि:-
1. माननीय इंजी.कमलेश तेकाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत मण्डला की ओर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय जिला मण्डला की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जिला पंचायत मण्डला की ओर सूचनार्थ।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग मण्डला

*** सहायक आयुक्त ने संभागीय उपायुक्त को लिखा पत्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के कुछ शिक्षकों को संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग जबलपुर द्वारा जबलपुर संलग्न किया गया था, जिस मुद्दे को दैनिक हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया और जिला प्रशासन के संज्ञान मे लाया, जिसे जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं स्थाई शिक्षक समिति के अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम द्वारा जिले मे शिक्षकों की कमी की और इसके बाद यहां के शिक्षकों को जबलपुर मे संलग्न किया जाना की बात से नाराजगी जताई और तुरंत जिला कलेक्टर और सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर संलग्न शिक्षकों को मण्डला वापस किये जाने की बात कही, जिसपर कलेक्टर ने तुरंत निर्णय लेकर सहायक आयुक्त को निर्देश दिये गये उक्त आदेश का पालन करते हुए सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संभागीय उपायुक्त जनजातीय तथा अनु०जाति विकास जबलपुर संभाग जबलपुर को पत्र क्र./सहा. आयु/शिक्षा स्था./2023-24/10826 मंडला दिनांक 1//03/24 को लिखा गया, जिसमे उल्लेख है कि कलेक्टर द्वारा जनजातीय कार्य विभाग मण्डला के अंतर्गत पदस्थ कर्मचारी जिनको जिला जबलपुर में संलग्न किये गये कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त करते हुए मूल पदस्थ संस्था की ओर कार्यमुक्त करने हेतु लिखने के निर्देश किये गये है। संबंधित कर्मचारियों को कार्यमुक्त करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर मण्डला को भेजा जाये।

ज्ञात हो कि पिछले काफी समय से संभागीय आयुक्त कार्यालय से बिना जिला जनजाति कार्यालय को विश्वास में लिये शिक्षकों का जिले से बाहर संलग्नीकरण किया जा रहा था इसके अलावा कई ऐसे महत्वपूर्ण पदों पर भी जिले के अंदर शिक्षकों की पदस्थापना की गई लेकिन इसके लिये न तो जिले के अधिकारियों को विश्वास में लिया गया और न ही उन्हें जानकारी दी गई।

## ट्राले ने बाईक सवारों को कुचला



**मण्डला।** मण्डला-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एक बार फिर खून से लाल हो गया जब रायपुर से आ रहे एक भारी-भरकम ट्राले ने बाईक संवारों को कुचल दिया दुर्घटना इतनी भयावह और दर्दनाक थी कि बाईक संवारों को रौंदते हुये ट्राला राष्ट्रीय राजमार्ग छोड़ सड़क से नीचे उतर गया जब खेतों में रूका तो उसमें चके के नीचे एक महिला फंसी हुई थी वहीं करीब में एक बच्चा पड़ा था और ट्राले के नीचे अंदर की ओर एक व्यक्ति का शव था। सूत्रों एवं प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना में 04 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई अन्य जानकारी प्रतिक्षारत है।

## सिंधी महिलाओं ने किया होलिका माता पूजन

*** मीठी रोटी, सिंधी गीयर, गुलाब जामुन, रेवड़ी और अन्य सामग्री का लगाते हैं भोग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



रंगों के पर्व होली की पारंपरिक पूजा के अंतर्गत धुरेडी पर्व के एक दिन पूर्व सिंधी समाज की महिलाएं प्रतिवर्ष सामूहिक रूप से होलिका माता की पूजा करती है,इसमें पारंपरिक व्यंजन मीठी रोटी, सिंधी गीयर, गुलाब जामुन,भजिया, रेवड़ी आदि का भोग लगाया जाता है, इस पूजा में मीठी रोटी जो कि होलिका माता का प्रतीक है इसके ऊपर धागा बांधा जाता है, इसमें धागा भक्त प्रहलाद का प्रतीक है, इसमें मीठी रोटी को अग्नि दी जाती है तो मीठी रोटी जल जाती है और धागा जो कि भक्त प्रहलाद का प्रतीक है वह शेष रह जाता है इसका आशय यह है कि बुराई पर अच्छाई की जीत और हम इसे परंपरा के तौर पर पूजन करते हैं, इस अवसर पर सामाजिक महिलाएं उपवास रखती हैं और पूजन अर्चन के बाद ही प्रसादी ग्रहण करती हैं, सभी महिलाओं ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और परंपराओं को निभाते हुए विधिवत पूजन अर्चन किया।

## अभाविप इकाई नैनपुर ने मनाया शाहिद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर



भारत देश पुरातन से ही विरो की भूमि के नाम से प्रसिद्ध है। भारत में लंबे समय से स्वतंत्रता का संघर्ष चल जिसमें अनेक क्रांतिकारियों ने अनेक वीरांगनाओं ने, वीरों ने अपना सर्वस्व जीवन निछावर कर दिया अपने प्राणों की आहूति दे दी और अंततः भारत देश को आजाद करवाया इसी कड़ी में जब भारत अंग्रेजो के कैद में था तब 23-23 साल के भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे युवाओं ने भारत में नई क्रांति को जन्म दिया जिनका नाम आज भी आज़ादी के इतिहास में लिया जाता है। लगातार अंग्रेजो से अपनी स्वतंत्रता के हक की लड़ाई लड़ते-लड़ते उन्हे अंग्रेजी सरकार ने 23 मार्च 1931 को फांसी की सजा सुना दी और इन तीनो युवाओं ने हस्ते हस्ते फांसी के फंदे को चूमा और अपनी मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दे दिया। तब से आज तक भारत में 23 मार्च को शाहिद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नैनपुर द्वारा बस स्टैंड नैनपुर स्तिथ भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव जी की प्रतिमा पर पुष्प व अगरबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित कर अमर बलिदानियों की वीर गाथा को याद किया गया। कार्यक्रम में अभाविप नैनपुर के सभी कार्यकर्ता व महाविद्यालय के विधार्थी उपस्थित रहे।

**अनदेखी** | **एक दिन में की गई चार लाख की मनमानी खरीदारी।**

# मनेरी स्कूल में लापरवाही की हदें पार

*** तत्कालीन प्राचार्य के ऊपर बनाया गया दबाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आदिम जाति बाहुल्य जिला मण्डला की ख्याति दिन ब दिन भ्रष्टाचार के लिए प्रसिद्ध होती जा रही है जिनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी केंद्र बिंदु बना हुआ है यहां भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों की खेप समाहित है यहां के शिक्षक और कर्मचारी लंबे समय से भ्रष्टाचार करते हुए अधिकारियों के संरक्षण में फल फूल रहे हैं संस्था के शिक्षकों में गुटबाजी, शासकीय राशि का गबन, राजनीतिकरण जैसी घटना के साथ अब नया मामला सामने आया है जो हैरान करने वाली बात है। कि एक दिन में चार लाख से अधिक राशि की मनमानी खरीदी की गई जिसमें विभाग के उच्च अधिकारी का संरक्षण इन्हें दिया जा रहा है और जल्द से जल्द फंड को खत्म करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### पीएम श्री विद्यालय में एक दिन में चार लाख की खरीदी

ज्ञात हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी पीएमश्री दर्जा प्राप्त विद्यालय है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा विद्यालय को अपग्रेड करने हेतु एवं बच्चों की उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं मुहैया करने हेतु राशि दी गई है साथ ही सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यकता होने पर राशि का भुगतान एवं व्यय किया जाए किंतु भ्रष्टाचारियों के जुगलबंदी आपसी मतभेद की वजह से आज तक पीएम श्री हेतु कोई भी कार्य क्रियान्वित नहीं है ना ही कोई रूपरेखा तैयार की गई है उच्च अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द सरकारी फंड को उपयोग करने हेतु निर्देश दिए गए जिस हेतु आनन-फानन में एक दिन में ही चार लाख से अधिक राशि का भुगतान विद्यालय में किया गया क्या इस प्रकार सरकारी फंड का उपयोग उचित है?

सूत्रों की जानकारी अनुसार विद्यालय 4 लाख 16 हजार की बिना किसी कार्य योजना तैयार किये ख़र्च करने की जानकारी प्राप्त हो रही है। जबकि आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना तैयार निविदा आदि का प्रकाशन कर राशि खर्च की जानी चाहिए था किन्तु यहां ऐसा नही आंख बंद करके बिना विद्यालय मे सामग्री आये भुगतान हेतु तत्कालीन प्राचार्य से विभागीय दबाव बनाकर ओटीपी ली गयी, जबकि जब प्राचार्य शुभेंदु दास का स्थानांतरण विजयपुर बीजाडांडी ब्लॉक का हो गया था तो सर्वप्रथम मनेरी स्कूल मे नये प्राचार्य के मोबाइल नंबर अपग्रेड कराया जाना चाहिए था किन्तु बिना मोबाइल नंबर अपग्रेड कराया राशि भुगतान हेतु अग्रिम कार्यवाही की गयी जिसमे बैक की ओटीपी तत्कालीन प्राचार्य के मोबाइल नंबर मे आयी जिसमे उन्होंने विभाग के अधिकारी एल एस मसराम सहायक संचालक (रमसा) जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मण्डला से पूछा की राशि मनेरी स्कूल मे खर्च की जा रही है उसकी ओटीपी मेरे नंबर मे आ रही है जो ग़लत है, जब मेरा स्थानांतरण वहां से हो गया तो मेरे नंबर की जगह वर्तमान प्राचार्य का नंबर दर्ज होने के बाद राशि खर्च की जाये ऐसी स्थिति मे भुगतान करने मे बैंक मे मेरा नाम आयेगा। किन्तु श्री मसराम द्वारा कहा गया आप मनेरी स्कूल की राशि खर्च करने मे सहयोग करो केवल आप वहां ओटीपी भर देते जाओ वह कुछ भी करे अन्यथा आपको नोटिस जारी किया जाएगा, यह राशि समय सीमा मे खर्च किया जाना है। जिसपर पूर्व प्राचार्य ने समस्त ओटीपी संबंध स्कूल के आपरेटर को बता दी और ओटीपी की सूचना पत्र द्वारा मनेरी प्राचार्य को भी दे दी गयी है।

## बीएसवीपी ने शहीद दिवस पर किया शहीदों को याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बीएसवीपी मण्डला भागीरथ सेवा विकास परिवार मण्डला द्वारा 23 मार्च 2024 को स्थानीय मां नर्मदा रपटाघाट पर खुला मंच एवं भारत के महान नायक सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की शहीदी दिवस और इनके स्मृति पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया शहीदों को श्रद्धांजलि अनोखे तरीके से बीएसवीपी के सदस्यों द्वारा 551 दीप प्रज्वलित कर और दीप प्रज्वलित के साथ ही देशभक्ति गीतों का वाद्य यंत्रों के साथ किया गया।

बीएसवीपी के मातृशक्ति बहनों द्वारा रंगोली की सज्जा की जिसमें दो प्रमुख विषय मतदाता जागरूकता एवं सिकल सेल एनीमिया जांच का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रचारक क्रीडा भारती श्री कौशलेंद्र ने शहीद दिवस पर क्रांतिकारी जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण सामाज को संदेश सिकल सेल एनीमिया जांच का एवं होने वाले लोक सभा चुनाव की दृष्टि से मतदाता जागरूकता का संदेश बहनों द्वारा सुंदर रंगोली प्रस्तुत कर दिया गया सेंकड़ों की संख्या में युवा युवतियां वरिष्ठ मातृशक्ति समेत बच्चों ने भी शहीद हुए भगतसिंह राजगुरु सुखदेव के विचारों को सुना और उन्हें दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित श्रंद्धाजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रचारक क्रीड़ा भारती श्री कौशलेंद्र हिंदू जागरण मंच से संदीप सिंगोर वरिष्ठ सामाज सेविका श्रीमती सरिता अग्निहोत्री बीएसवीपी संरक्षिका श्रीमती प्रिया धुर्वे सामाज सेवी अमरेश सिंह युवा सामाज सेवी देवेन्द्र रजानी नीरज कांड्रा सनातन धर्मोत्सव परिवार से रंजीत कछवाहा किशोर रजक और बीएसवीपी संयोजक संतोष कुमार मरावी शीतल कुमार कछवाहा साहिल लहोरिया राधा बरमैया पूनम भांडेय दुर्गेश चोधरी आकाश नंदा विनय बरमैया अनील यादव दयाराम यादव नारायण प्रसाद नागवंशी राजेश अवधिया समेत सैकड़ों की संख्या में बीएसवीपी के युवा मातृशक्ति बहने उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्यो की जांच से उजागर हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई?

**सालीचौका।** जिस प्रकार से लोग अपनी ग्राम पंचातयों में किसी जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है तो उसे उससे काफी उम्मीदे रहते हुए ग्राम के विकास की बाट जोही जाती है, मगर अक्सर देखा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद वह ग्राम विकास को भूलकर सिर्फ अपनी विकास की ओर ध्यान देने से नही चूकता है? इस बात की सच्चाई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों के कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नई पंचातयों का गठन हुआ तो ऐसा जान पड़ा की शायद अब ग्रामों की तस्वीर बदल जावेगी? मगर ऐसा कुछ हुआ जान नही पड़ रहा है और पांच वर्ष बीत चुके है यदि पूर्व के समय के सरपंचो के कार्यकाल पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली के खिलाफ आज भी अंगुली उठ रही रही हैं? सरपंचों के खिलाफ शिकायतों का आनवरत सिलसिला जारी है, जिम्मेदार अधिकारियों के पास ऐसी अनेक शिकायतें निराकरण की बाट जोह रही है जिनकी यानि निष्ठा के साथ जांच हो जावे तो पंचायतों में हुए घोटालों की सच्चाई सामने आ सकती है? वैसे सच यह भी है कि यदि प्रशासन इन शिकायतों के प्रति गंभीर रूप अख्तियार करता तो अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचो द्वारा पूर्व में डकारी गई शासकीय राशि अपने घर से चुकानी पड सकती है?

### गांवों के हेण्ड पम्प सुधारने की उठी मांग

**गाडरवारा।** गर्मी का मौसम शुरू होने से ग्रामों के निवासी पेयजल उपलब्ध करने हेण्ड पम्पों पर निर्भर होते चले जा रहे है। किन्तु बड़ी ही बिडम्बना की बात है कि सरकार द्वारा लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग द्वारा पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के अनेक गांवों में लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुए आसानी से देखे जा रहा है, क्योंकि गांवों में लगे हुए हेण्ड पंपो की सच्चाई जिस प्रकार से बनी हुई है कि वह पानी की जगह हवा उगलते हुए दिखाई दे रहे है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि क्षेत्र के कई गांवो के हेण्ड पम्प विगत लम्बे समय से बिगड़े हुए है और उनकी संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से कोई सुध न लेने से स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि आने वाली महिनों में पड़ने वाली प्रचंड गर्मी के दिनों में उपयोगी साबित नही होंगे, जिसको लेकर क्षेत्र की ग्रामो के निवासियो ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से गुहार लगायी है कि वह क्षेत्र के गांवो में लगे हेण्ड पम्पो की स्थिति की शीघ्र पड़ताल कराये और समय रहते हुए बिगड़े हेण्डपम्पों में सुधार कराये ताकि आने वाली गर्मी के मौसम में गांवो में गर्मी के मौसम में लोगों को जलसंकट उत्पन्न होने पर विराम लग सके।

### भाई भतीजावाद के चलते सरकारी योजनाएं हो रही फेल

**सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आवास व केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री आवास योजना तथ पूर्व से संचालित इंदिरा आवास योजनाएं शामिल है। मगर इन योजनाओं को चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है, परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नजर आ रहे हैं? यह योजना विगत काफी समय से संचालित की जा रही है, यदि इसका सही क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता, परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं? और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं? ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं के माध्यम से यह तय किया जाता है कि इंदिरा आवास योजना का लाभ इसे दिया जाता है, हालाकि विगत वर्षों में इसके लक्ष्य को हल कर दिया गया है, ग्राम सभायें कागजी होड़ की हैं।

# सरकारी भवन खोल रहा नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की सच्चाई पोल








हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकार द्वारा जिस तरह स्वच्छता का संदेश देते हुये शहरों को स्वच्छ रखने के नाम पर नगरी निकाय से लेकर ग्राम पंचायतों को पुरूस्कार देने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। वही दूसरी ओर नगर पालिकाओं से लेकर नगर परिषद तथा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के लिये मनमानी राशि प्रदान की जा रही है। इस तरह स्वच्छता के नाम पर मिलने वाली राशि को स्थानीय स्तर की संस्थाओं द्वारा किस तरह उपयोग करते हुये कागजों में वाही वाही लूटकर कागजों घोड़ा दौडाते हुये ऊपरी स्तर पर वाही वाही लूटकर अब्बल नम्बर प्राप्त किये जाते है इस बात की सच्चाई नगर के शासकीय भवनों की हो रही दुर्दशा अपने आप ही उजागर करने से नही चूक रही है? आये दिन नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आम जन को स्वच्छता का संदेश देते हुये जागरूकता अभियान चलाते हुये देखा जाता है। मगर उनके द्वारा चलाये जाने वाले इन अभियानों पर जनता द्वारा सबाल उस समय खड़े करने में देरी नही की जाती है। जब नगर में शासकीय भवनों में मात्र साफ सुधरे अक्षरों में स्वच्छता सर्वेक्षण का संदेश लिखते हुये उनके दुर्दशा का शिकार होने के लिये छोड़े जाने की सच्चाई नगर पालिका कार्यालय से चंद कदम दूरी पर स्थित यह सरकारी भवन नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? कहने के लिये तो यह सरकारी भवन नगर पालिका की संपत्ति होने के साथ साथ इस भवन में विधान सभा से लेकर लोकसभा सहित अन्य चुनावों के दौरान मतदान केन्द्र की स्थापना की जाती है। मगर चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद शासन के अधिकारियों द्वारा इस भवन की ओर रूख करना भी उचित नही समझे जाने का परिणाम है कि यह भवन अपने इतिहास को लेकर अपनी बदहाली पर आंसू बहाने से नही चूक पा रहा है..? ज्ञात हो कि नगर पालिका कार्यालय से चंद कदम दूरी पर पानी टंकी के ठीक सामने स्थित नगर पालिका प्रशासन की संपत्ति माने जाने वाली यह भवन कई वर्षो पहले शासकीय चिकित्सालय के रूप में देखा जाना पहचाना जाता था। इसके उपरांत कई वर्षो तक इस भवन में शासकीय महाविद्यालय का विज्ञान विभाग की पढ़ाई संचालित होने के चलते इस भवन में बैठकर नगर सहित आसपास के अनेक गांवों छात्र छात्राओं द्वारा उच्च स्तर की शिक्षा हासिल करने के बाद वह अनेक बड़े पदों पर पहुंचकर इस नगर का नाम रोशन करने से नही चूक रहे है। जिन छात्र छात्राओं ने इस भवन में बैठकर कालेज स्तर की शिक्षा ग्रहण करते हुये सफलताये हासिल की गई है। वह छात्र छात्राये जब इस नगर में आते है तो निश्चित तौर से इस भवन के सामने से गुंजरने के दौरान भवन का चरण वंदन करने से नही चूकते होगें..। मगर इस भवन की दुर्दशा को देखकर उनकी आंखों में आंसू आने से भी नही चूक पाते होगे..? इस तरह जब नगर के वायपास मार्ग पर नये महाविद्यालय का निर्माण होने के बाद विज्ञान विभाग सहित संपूर्ण महाविद्यालय का संपूर्ण प्रक्रियाये वहां पर संचालित होने लगी तो नगर पालिका द्वारा इस भवन को निजी शिक्षण संस्था नालंदा विद्यापीठ को किराये के रूप में सौप दिया गया था। इस तरह इस सरकारी भवन में वर्षो तक नालंदा विद्यापीठ का संचालन होने के चलते इस भवन की रौनकता में चार चांद लगने से नही चूक पाये थें। वही दूसरी ओर इस भवन में छात्र छात्राओं की किलकारी जहां इस क्षेत्र में मनमोहक बन चुकी थी तो दूसरी ओर तीज त्यौहार के दौरान इस भवन की रंग रोगन होते रहने के चलते यह भवन अनोखी छटा विखरने से भी नही चूक रहा था और उसी समय से इस भवन की नई पहचान नालंदा विद्यापीठ के रूप में बन चुकी है। इस तरह शुरूआती तौर में शासकीय चिकित्सालय के बाद साइंस महाविद्यालय और बाद में नालंदा विद्यापीठ इस तरह त्रिवेणी नामों की पदवी धारण करने वाला यह भवन वर्तमान में नगर पालिका की संपत्ति होकर सिर्फ चुनावी प्रक्रिया के लिये सीमित होकर रह जाने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि जहां नगर पालिका द्वारा बीते हुये वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2022-23 में प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर नगर पालिका के सफाई विभाग सहित अन्य अधिकारियों द्वारा वाही वाही लूटकर अपना सीना फुलाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर वही दूसरी ओर नगर की सफाई व्यवस्था की सच्चाई की पोल नगर पालिका का शासकीय भवन नालंदा विद्यापीठ खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। कहने के लिये तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा यहां पर साफ सुधरे अक्षरों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का संदेश लिखवाया गया है। मगर सफाई की हालत इस तरह देखने मिल रही है कि भवन के परिसर से लेकर भवन की खपरों सहित संपूर्ण क्षेत्र में जिस तरह गंदगी का अम्बार देखने मिल रहा है। स्वच्छता की सच्चाई की बदहाली सिर्फ यही तक सीमित नही रह गई है। नपा के सफाई विभाग की अनदेखी का परिणाम है कि भवन के पास में लगे हुये बरगए के पेड़ से झूलती हुई जडों ने छप्पर को फाड़ते हुये अंदर प्रवेश करने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब नगर पालिका प्रशासन खुद का भवन गंदगी से अटा पड़ा हुआ देखा जा रहा है तो फिर क्या स्वच्छता सर्वेक्षण को सफलता मिल पायेगी..? वही भवन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस भवन में चुनावी प्रक्रिया के दौरान मतदान केन्द्र की स्थापना की जाती है। जिसके चलते बीते हुये विधान सभा चुनाव के दौरान नम्बर माह में मतदान के लिये केन्द्र स्थापित किया गया था और निश्चित तौर से आने वाले माह यानि की अप्रैल में होने वाली लोक सभा चुनाव को संपन्न कराने के लिये फिर यहां पर मतदान केन्द्र स्थापित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस तरह अपने इतिहास को समेटे हुये इस भवन को क्या सिर्फ चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही नगर पालिका द्वारा याद करते हुये सफाई की औपचारिकता निभाई जाती है...?



### हीरो कंपनी द्वारा शेखर व्हीकल्स में माध्यम से लगाये गये फ्री कैम्प के माध्यम से मिला 600 से अधिक ग्राहकों को लाभ, सभी को गिफ्ट के साथ सम्मानित किया गया

**गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब किसी संस्था द्वारा अपने ग्राहकों को कोई वाहन का विक्रय किया जाता है तो उन वाहन के खरीदारों को कंपनी द्वारा समय समय पर सुविधाये भी प्रदान की जाती है। इसी के चलते देश की जाने मानी हीरो मोटर कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के दिलों में अलग ही जगह बनाई गई है। वही दूसरी ओर अपने ग्राहकों क सुविधा को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस गाडरवारा के अधिकृत डीलर शेखर व्हीकल्स एसोसियट की ओर से अपने व्हीकल्स क्रेताओं के लिये तीन दिवसीय विशाल मैगा सर्विस कैम्प का आयोजन 19 मार्च से 21 मार्च को किया गया था। बताया जाता है कि इस कैम्प में मात्र 99 रूपया में अपने मोटर साईकिल/स्कूटर की सर्विसिंग कंपनी के कुशल इंजीनियरों के मार्ग दर्शन में की गई थी। वही दूसरी ओर फ्री वॉशिंग, फ्री पॉलिसिंग व फ्री नाईट्रोजन की व्यवस्था नगर के शांतिदूत होटल के सामने आयोजित कैम्प में मोटर साईकिलों के लिये उपलब्ध कराई गई थी। इस तरह शेखर व्हीकल्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कैम्प का शुभारंभ नपा अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा के आलवा पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमति अनीता रविशेखर जायसवाल, सभापति आनंद दुबे, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, सिद्धांत जायसवाल, बसंत डागा व शिवकुमा नीखरा की मौजूदगी में किया गया। वही इस मौके पर कंपनी के निलेश बोराडे जेड एस एम, ससी कुमार ए एस एम, अजय गोयल टी एस एम, पवन शर्मा टी एस एम, राजवीर सिंह, राहुल सोमकुवर टी एस ओ, आशीष सनोडिया टी एस ओ सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस तरह लगातार तीन दिन तक चले इस फ्री कैम्प में लगभग 600 से अधिक ग्राहकों ने अपनी मोटर साईकिलों की सर्विसिंग कराते हुये हीरा कंपनी द्वारा की गई इस व्यवस्था की सराहना की गई तो दूसरी ओर अपने ग्राहकों के सम्मान में गाडरवारा हीरो मोटर साईकिल कंपनी के शेखर व्हीकल्स के अधिकृत डीलर रविशेखर जायसवाल सहित उनकी संपूर्ण टीम द्वारा अपने ग्राहकों को उपहार के रूप में ड्रा के माध्यम से गिप्ट प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। इस तरह आयोजित किया गया फ्री सर्विशिक कैम्प।

## मन मोहक रूप में बनाई गई होलिकाओं का देर रात तक किया दहन

## आज शहर से लेकर गांव गांव होली के रंगों की रहेगी बहार







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हर वर्ष जिस प्रकार से लोगों द्वारा बुराई का प्रतीक माने जाने वाले होलिकाओं का दहन किया जाता है उसके चलते इस वर्ष भी नगर में अनेक जगहों पर बनाई गई होलिकाओं का देर रात तक दहन होते हुये देखा गया। बताया जाता है कि नगर में अनेक जगहो पर गोबर के कंडों से बनाई गई होलिकाओं के ऊपर जिस प्रकार से होलिका की प्रतिमा स्थापित की गई थी वह निश्चित तौर से आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी, इस प्रकार से नगर में देर रात तक होलिका दहन होने के नजारे दिखाई देते रहे, वही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये जहां तहां पुलिस बल तैनात रहा। वही हर साल की तरह इस वर्ष भी होलिका दहन के बाद आज धुरेडी के दिन नगर से लेकर गांव गांव सड़को पर रंग गुलाल की बाहर देखने मिलेगी। इस तरह आज होली के रंग में डूबने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई अनहोनी घटना को रोकने के लिये नगर में पुलिस बल तैनात रहेगा। क्योंकि इस वर्ष होली त्यौहार के दौरान जहां मुस्लिम भाईयों का रमजान महिना चल रहा है तो दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के चलते जारी आचार संहित के दौरान होली का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये पुलिस बल पूर्णरूप से चुनोतियों का मुकाबला करते हुये इस त्यौहार को शांति पूर्वक सप्पन कराने के लिये चप्पे चप्पे पर तैनात नजर आने से नही चूक रहा है। इस तरह होली त्यौहार को लेकर पहले ही पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में गणमान्य लोगों सहित डीजे संचालक, मैरिज गार्डन संचालको की बैठकों का अयोजन करते हुये शांति पूर्वक त्यौहार मनाने के लिये जरूरी दिशा निर्देश दिये जा चुके है। वही शांति पूर्वक होली त्यौहान मनाने के बीच नगर के उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि फाल्गुनी मस्ती का महापर्व होलिकोत्सव सभी को भाईचारे के साथ मनाना चाहिए, समाज परिवार की तरह होता है। वैसे भी देखा जावे तो इस शहर में यह मेरी यह पहली होली है और मेने सुना है कि लोग यहां पर बड़े की शांति पूर्वक तरीके से सभी त्यौहारों को मिल जुलकर मनाते है और मैं आशा करता हूं कि इस वर्ष भी इसी प्रकार से मनाया जावे। वही दूसरी ओर लोकसभा चुनाव को लेकर जारी चुनाव आचार संहिता का भी पूर्णरूप से पालन किया जावे। मेरी ओर से सभी नगर वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं के साथ में चाहता हूं कि इस त्यौहार पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक विवादों की स्थिति होली पर नहीं आना चाहिए होली एक दूसरे के गले मिलते हुए सभी बुराईयों का मिटा देती है इसलिए होली पर मदिरा पान कर हुड़दंग मचाने वाले युवाओं की कारगुजारियॉ बर्दाश्त नही की जायेगी तथा अनुशासन के माहौल में होली का पर्व मने इस बात पुलिस पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वही नगर पुलिस निरीक्षक उमेश तिवारी का कहना है कि शहर में शांति का जो वातावरण है वह पूर्णरूप से गर्व करने लायक है। शहर के युवायों में अनुशासन में रहने की जो रूझान है तथा बच्चों का जो शिष्टाचार है, उससे सहज में कहा जा सकता है कि नगर में होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जाएगा और एहतियात के तौर पर आज रविवार को होलिका दहन कार्यक्रम पूर्ण शांति के साथ करते हुये कल रंगों का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी और शांति व्यवस्था बनाये जाने हेतु हमारे द्वारा लगातार दो दिन तक पेट्रोलिंग चलेगी, हमे आशा है कि पुलिस को मित्र मानते हुए शहरवासी भी होली, रंग पंचमी पर भी कानून, व्यवस्था बहाल रखने हमारा सहयोग करेंगें जिससे होली त्यौहार पूर्ण शांति के साथ संपन्न होगा, जिससे हमारे साथ साथ नगर का नाम भी रोशन होने से बंचित नही रह पायेगा।

## बड़े संयोग से आई फागुन पूर्णिमा पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़, आज भी लगाई जावेगी आस्था की डुबकी



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस वर्ष जिस तरह फागुन पूर्णिमा का जो शुभ संगोग देखने मिल रहा है वह निश्चित तौर से बहुत कम देखा जाता है। क्योंकि इस वर्ष जहां होलिका दहन के दिन स्नान धान पूर्णिमा होने के चलते नर्मदा तटों पर भीड़ देखने मिली। मगर धुरडी के दिन व्रत पूर्णिमा सोमवार के दिन होने से इसका महत्व अलग भी बताया जाता है और फागुन व्रत पूर्णिमा व सोमवार का दिन एक साथ होना अनेक प्रकार के शुभ संकेत देते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि इस वर्ष भगवान भोले नाथ के प्रिय माने जाने वाले सोमवार के दिवस पड़ी हुई फाग व्रत पूर्णिमा के चलते जहां क्षेत्र के नर्मदा तटों पर आज भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। वैसे तो देखा जावे कि इस वर्ष फागुन पूर्णिमा दो दिन होने के कारण लोग कल रविवार को भी नर्मदा तटों पर आस्था की डुबकी लगाने से नही चूक पाये थें। मगर आज व्रत पूर्णिमा सोमवती होने का महत्व के चलते आज भी नर्मदा तटों पर भीड़ उमड़ने से नही चूकेगी। क्योंकि देखा जाता है कि हर वर्ष फागुन पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा जी के पावन तटों के लिये पैदल जाने वाले लोगों की भीड़ रहती है और वह रात के समय ही पैदल रवाना हो जाता है और दूसरी दिन वाहनो को वापिस होते है। मगर इस वर्ष स्नान पूर्णिमा एक दिन पहले और धुरडी के दिवस व्रत सोमवती पूर्णिमा होने के कारण वाहन बंद रहने की संभावना के चलते नर्मदा भक्तों द्वारा एक ही पहले ही नर्मदा स्थान करते हुये पूजन किया गया। इसी के चलते क्षेत्र के ककरा घाट सहित समीपस्थ झोकाली, शोकलपुर, कोठिया, घघरौला खुर्द, नीलकुंड, पिठहरा, लिंगा खुर्द, थरेरी, भटेरा सहित नर्मदा के अन्य घाटों पर भक्तों की दिन भर भीड़ लगी रही। इस प्रकार से फाग पूर्णिमा के चलते जहां हजारों लोगों ने माँ नर्मदा के तट पर पहुंचकर माँ रेवाजी का पूजन अर्चन करते हुये आस्था की डुबकी लगाने के साथ भगवान सत्य नारायण की कथा सहित अनेक प्रकार से धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे किये गये। बताया जाता है कि लम्बे अंतराल के बाद शासकीय अवकाश व धुरडी के दिन फाग पूर्णिमा का पड़ना निश्चित की बड़ा शुभकारी बताया जाता है। जिसके चलते नर्मदा स्नान करने के लिये जाने वाले लोगों की भीड़ जहां बुधवार की शाम से ही सड़कों पर दिखाई देने लगी थी और अनेक गांवों से महिला पुरूष व बच्चे पैदल नर्मदा स्थान करने के लिये जाते हुये देखे गये। क्षेत्रवासियों के लिये आस्था का केन्द्र व जीवन दायनी माने जाने वाले माँ नर्मदा का ही आर्शीवाद है जिसके चलते क्षेत्रवासी सदा खुशियों से झूमते हुये पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा का आर्शीवाद ग्रहण करने के लिये पैदल व सरे भरते हुये माँ नर्मदा तट पर पहुंचने से नही चूकते है। वही हजारों लोग अपने निजी वाहनों के माध्यम से भी माँ नर्मदाजी के तट पर पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार का नजारा आज शुक्रवार को स्नान दान पूर्णिमा होने के कारण देखने मिलेगा।

## होली त्यौहार के पहले गाडरवारा पुलिस ने पकड़ी भारी मात्रा में शराब



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

होली त्यौहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस द्वारा लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है जिसके चलते पुलिस द्वारा बीते हुये एक सप्ताह से मादक पदार्थ सहित विस्फोट के साथ लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करने के बाद अब होली त्यौहार के पहले 305 लीटर जप्त करते हुये 2 क्विंटल लाइन नष्ट किया गया है। ज्ञात हो कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विनिर्माण,परिवहन,संधारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान चलाते हुये अवैध धंधों में लिप्त रहने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसी के चलते होली त्यौहार के पूर्व थाना प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना अंतर्गत अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में मारे गये छापे के दौरान एक महिला के पास से 4 कुप्पो में अलग अलग लगभग 305 लीटर शराब जप्त करते हुये आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है। वही 2 क्विंटल लाहन मौके पर नष्ट किया गया है। इस कार्यवाही में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के आलवा उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, महिला आरक्षक गीता अग्रवाल उप निरीक्षक अभिषेक पटेल,उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर,उप निरीक्षक गजराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे,सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर बटके, सहायक उप निरीक्षक राकेश दीक्षित, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अवधेश पटेल, प्रधान आरक्षक संजय डोंगरे,प्रधान आरक्षक करन सिंह,प्रधान आरक्षक विजय मिश्रा, आरक्षक दिनेश पटेल, आरक्षक आकाश बारोलिया, आरक्षक शिवम गुर्जर,आरक्षक रामसिंह का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत होली पर्व के तत्वाधान में आज मिष्ठान भंडार में मिठाई के डिब्बे, डेली मार्ट में खाद्य पदार्थ, मोबाइल शॉप मोबाइल और मोबाइल कव्हर तथा चाट के ठेले में लोकसभा निर्वाचन के स्ट्रीकर के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों का जागरूक किया गया एवं स्वीप प्लान अन्तर्गत नगर पंचायत डिंडोरी में समूह की दीदियों ने हाथ मे मेहंदी रचा कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

### रबी फसल पंजीयन की अवधि में वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** म०प्र० शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग म०प्र० द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेंहूँ उत्पादक कृषकों के पंजीयन की अवधि दिनांक 16 मार्च 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च 2024 कर दी है। कृषक पंजीयन की अवधि तीन बार बढ़ाने के बाद भी जिले में विगत वर्ष के पंजीयन की संख्या 5837 आज दिनांक तक नहीं हो पाई है।जिले में दिनांक 16/03/2024 की स्थिति में पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से 4427 सी.एस.सी. केन्द्र के माध्यम से 379 किसान एप्प के माध्यम से 51, तथा एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से 170 कुल 5027 कृषको ने अपना पंजीयन कराया है. जो पिछले वर्ष के पंजीयन से 810 कम है। अतः जिले के ऐसे कृषक बंधु जिन्होंने गेंहू की बौनी की है वे शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2275/- रूपये प्रतिक्विटलं 125/- रूपये समर्थन मूल्य कुल 2400/- रूपये प्रतिक्विंटल पर अपनी उपज विक्रय हेतु कृषक पंजीयन का कार्य दिनांक 31/3/2024 के पूर्व अपने समीपस्थ उपार्जन केन्द्र पर अथवा सी.एस.सी.६ एम.पी. ऑनलाइन/ मोबाइल एप्प तथा ग्राम पंचायत/ तहसील के सुविधा केन्द्रों में जाकर समस्त दस्तावेजों सहित करा सकते है।

### शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई की जगह छात्र लगा रहे झाड़ू

**कोतमा।** शासन के द्वारा बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है वहीं स्कूलों में शिक्षक एवं भृत्य की भी भर्ती की गई है लेकिन उसके बाद भी स्कूलों में देखने को मिलता है कि सुबह स्कूल खुलने के समय छोटे-छोटे बच्चों से स्कूल की साफ सफाई करवाई जाती है उसके बाद पढ़ाई करवाई जाती है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को लगी जब हमारे प्रतिनिधि ने अनूपपुर विकासखंड अंतर्गत कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 7 रेलवे लाइन के किनारे बने प्राथमिक शाला कल्याणपुर पहुंच कर जायजा लिया जहां स्कूल खोलते ही बच्चे झाड़ू लगा रहे थे जानकारी लेने पर पता चला कि प्रमुख शिक्षक मूल्यांकन करने जिला मुख्यालय गए हुए हैं और स्कूल में एक मैडम थी। बावजूद इसके बच्चे पढ़ाई करने के पहले स्कूल में झाड़ू लगा रहे थे। जब यह हाल शिक्षा के मंदिर का है तो आगे की बात किससे की जाए।

### वाहनों के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान

**अनूपपुर।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर महोदय अनूपपुर द्वारा लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता के दौरान यात्री एवं मालयान वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं जिसके पालन में 23 मार्च को जिला परिवहन अधिकारी, अनूपपुर द्वारा वेंकटनगर में एसएसटी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की गई। जांच के दौरान वाहनों के पदनाम प्लेट परमिट फिटनेस बीमा पीयूसी अग्निशमन यंत्र ड्राइवर लाइसेंस मेडिकल किट एचएसआरपी नंबर प्लेट आदि की जांच की गई। कार्यवाही के दौरान 55 वाहनों की चेकिंग की गई उनमें से 8 वाहनों से शमन शुल्क 9000 रूपये वसूल किया गया।

### विंध्य प्रांत के प्रांत अध्यक्ष मनोनीत हुये डॉ. देवेंद्र तिवारी

**अनूपपुर।** संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण इन पांच सूत्रों पर कार्य करने वाली भारतवर्ष की पूर्ण राष्ट्रीय और सामाजिक संगठन भारत विकास परिषद 1963 से नर सेवा ही नारायण सेवा के लक्ष्य को लेकर सतत समाज सेवा में क्षेत्र में कार्य करते हुए आ रहा है भारत विकास परिषद विंध्य प्रांत के आगामी 1 वर्ष के कार्यकाल हेतु अनूपपुर शाखा के प्राथमिक सदस्य, समाज सेवी डॉ देवेंद्र कुमार तिवारी को प्रान्त अध्यक्ष के दायित्व पर मनोनीत किया गया है विंध्य प्रांत के अंतर्गत आने वाले 12 जिले अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, पन्ना, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी, वह सिंगरौली और वर्तमान में बने नए जिले मैहर और मऊगंज आते हैं। भारत विकास परिषद की शाखा के सदस्य समाज के संपन्न और प्रबुद्ध व्यक्ति होते हैं जो समाज में सेवा और संस्कार के सतत निःशुल्क कार्य करते हैं।

# माँ नर्मदा की सेवा है मैया अभियान: कलेक्टर



## कलेक्टर ने जिलेवासियों को होली पर्व की दी शुभकामनाएं




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** होली पर्व के एक दिन पूर्व रविवार को कलेक्टर विकास मिश्रा की उपस्थिति में पुल समीप शंकर घाट में मैया अभियान के तहत मां नर्मदा नदी और तटों की साफ सफाई की गई। गौरतलब है कि होली पर्व मनाने सैंकड़ों श्रमिक वापस डिंडोरी आते हैं सर्वप्रथम बस स्टैंड समीप शंकर घाट में डुबकी लगाते है। मैया अभियान में शंकर घाट में फैले कचरे, प्लास्टिक, काँच की बोतलों को साफ किया गया। कलेक्टर विकास मिश्रा भी घाट में उपस्थित रहकर मैया अभियान में श्रम दान किया। मैया अभियान के स्वयं सेवकों ने लोगों से नर्मदा नदी में साबुन का उपयोग न करने एवं कचरे को न फेकने का आग्रह किया गया। मैया अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि माँ नर्मदा की पवित्रता को बनाये रखें। मैया अभियान कार्यक्रम के दौरान नाले में एक भैंस 2 दिन से गिरी हुई थी, जानकारी लगने पर कलेक्टर ने तुरंत पशु चिकित्सालय फोन कर डॉ शेफाली को बुलाया एवं मैया अभियान के सदस्यों ने मिलकर भैंस को निकाला। इसमे पशु चिकित्सा विभाग के स्टॉफ ने प्राथमिक उपचार किया। मैया अभियान कार्यक्रम के बाद कलेक्टर ने सभी सेवकों को चंदन का टीका एवं मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही समस्त जिलेवासियों को भी होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। आज मैया अभियान स्वच्छता कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र डिंडोरी आर पी कुशवाहा, जिला आयुष अधिकारी डॉ संतोष परस्ते, उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, एकलव्य विद्यालय शिक्षक शहीद खान , पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गणेश गवले , रक्त देवदूत भागवत यादव , एडवोकेट सम्यक जैन, ब्रजभान पाटले, मनोज चैकसे , प्राचार्य राम विशाल मिथलेश, आर के नागेश्वर, अंकित चैरसिया, दिव्या भारती परस्ते, दिव्यता सिंघई, अवध गोहिया, संस्कार झारिया, यथार्थ यादव, संतोष परमार, चंचल गोहिया, महेंद्र उचेहरा, प्राचार्य एस के द्विवेदी, प्राचार्य मनोज गवले ने श्रम दान कर स्वच्छता का संदेश दिया ।

# रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** म०प्र० खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी उपार्जन नीति के अंतर्गत गेंहू उत्पादक कृषको से दिनांक 29 मार्च 2024 से 15 मई 2024 तक गेंहू की खरीदी की जायगी।

भारत सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 के लिये औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) के गेंहूँ का समर्थन मूल्य रूपये 2275/- प्रतिक्विंटल तथा बोनस राशि 125/- रूपये प्रतिक्विंटल घोषित किया गया है।

उपार्जन के लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक निर्देश जारी किये है-

डिंडोरी जिले में इस वर्ष 12 गेंहू उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। कृषको से गेंहू उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार दिनों में प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक कुल 12 घंटे प्रतिदिवस होगा एवं कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जा सकेगी निर्धारित दिवसों में ही उपार्जन कार्य हो सकेगा।जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार तक नहीं हो सकेगी उनकी तौल शनिवार के दिवस की जा सकेगी।

शनिवार एवं रविवार को स्कंध का परिवहन भण्डारण लेखा का मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध का अपग्रेडेशन वापसी की जा सकेगी।

गोदाम स्तर पर गुणवत्ता परीक्षण में पाये जाने वाले नॉन एफ.ए.क्यू स्कंध का भण्डारण उपार्जन समिति द्वारा गोदान पर नहीं किया जावेगा विशेष परिस्थितियों में 5 दिवस से अधिक गोदाम पर भण्डारण नहीं किया जायेंगा।

यदि किसी केन्द्र में अधिकांश कृषको से गेंहू का क्रय पूर्ण कर लिया गया हो तो आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा निर्धारित एक्जिट प्रोटोकॉल के अनुरूप उपार्जन कार्य 2 सप्ताह बाद स्थगित किया जा सकेगा।

जिलास्तरीय कन्ट्रोल रूम का नंबर 6264704077 होगा, जिसमें पावंद खाद्य विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर उदयचंद मरावी द्वारा प्राप्त कॉल्स में समस्याओं के संबंध में पंजी संधारित की जायेंगी, जिसमें समस्या एवं निराकरण तथा निराकरण की तिथि प्रविष्टि विधिवत रूप से की जावेंगी। पंजी का अवलोकन प्रति दिवस सायं जिला आपूर्ति अधिकारी को कराया जायेगा।

जिलें में जिलास्तरीय उपार्जन समिति खंड स्तरीय उपार्जन समिति गठित की जा चुकी है जो उपार्जन संबंधी सभी विवादों का निराकरण करेगी।जिले में गेहू उपार्जन कार्य के लिये शासन निर्देशानुसार सिंगल प्वाईंट ऑफ कॉंटेक्ट श्री सरोधन सिंह अपर कलेक्टर जिला डिण्डौरी को बनाया गया है।

जिले में तकनीकी सेल का गठन किया जा चुका है, जिसमें डीआईओ (एन.आई.सी.) जिला प्रबंधक ई-गर्वनेस, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तथा खाद्य विभाग विपणन संघ्र वेयर हाउस नागरिक आपूर्ति निगम के कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को सम्मिलित किया गया है और तकनीकी समस्याओं के निदान हेतु आदेश प्रसारित किये गये है।

## सरसंघचालक के विचार का वैज्ञानिक प्रमाणन के लिए

### अमरकंटक केन्द्रीय विवि से जारी पीएचडी शोध पर होगा अंतर्राष्ट्रीय मंथन



**अनूपपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध छात्र, अभाविप विश्वविद्यालय खंड के पूर्व अध्यक्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के शहडोल जिला युवा आयाम प्रमुख चिन्मय पांडे अपने पीएचडी कार्य में प.पू. सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के विचार पर शोध कर रहे है। पीएचडी का टॉपिक ओम है जिसमे हम सबके पूर्वज समान है, डीएनए मैपिंग के आधार पर हजारों साल पहले के अखंड भारत काबुल के पश्चिम से छिंदविन नदी की पूर्व तक और चीन की तरफ की ढलान से श्रीलंका के दक्षिण तक जो मानव समूह के लोंगों का डीएनए समान है। हमारे पूर्वजों ने ही हमें सब सिखाया है. सबकी अपनी-अपनी पूजा-पद्धती है, मान्यताएं हैं. सबकी अपनी-अपनी भाषा है और विविधता में एकता वाले ये सभी लोग हिंदु ही है इसका वैज्ञानिक प्रमाणन करने रिसर्च किया जा रहा है। चिन्मय पांडे के शोध निदेशक आचार्य (डॉ) विकास सिंह है।

**दस्तावेजी प्रमाण साबित करते हैं कि भारत के सभी लोग हिंदू ही है**

चिन्मय पांडे का फरवरी 2021 में पीएचडी का पंजीयन हुआ है तथा 21 पीढ़ी तक के पूर्वजों की वंशावली का दस्तावेज यह साबित करते है की भारत में रहने वाले सभी पूजा पद्धति के लोग हिंदू ही है। यह जानकारी वैज्ञानिक एवं दस्तावेज प्रमाण के साथ बताया जाना अत्यंत अनिवार्य हो गया है, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत के पूर्वजों पर किए गए घोर प्रताड़ना, अपहरण, बलात्कार, जबरन धर्मांतरण जैसे अत्याचारों की वजह से भारत के कुछ लोग धर्मांतरित हुए। शोध के प्रमाणन से भारत के लोंगों को अपने पूर्वजों पर हुए अत्याचार के कारण हुए धर्मांतरण को ध्यान में लाया जा सकेंगा। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, साधु संत, अकादमिक एवं प्रबुद्ध जनों के साथ होगा संगोष्ठी शोध विद्वान चिन्मय पांडे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से भारत में रहने वाले 140 करोड़ भारतीयों के साथ-साथ अखंड भारत के लोग हिंदू ही है तथा उनके पूर्वजों की वंशावली में हिंदू होने की दस्तावेजी प्रमाणन है तथा डीएनए में एक समानता होने के कारण डीएनए भारत मूल के सभी लोग एक समान देखते हैं, इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र आमंत्रित कर साधु-संत, अधिवक्ता, समाजसेवी, अकादमी विद्वान सभी से शोध पत्र लेकर प्रकाशित किया जाएगा। जिसमें इस बात की वैज्ञानिक प्रमाणिकता तथा दस्तावेजी प्रमाणिकता को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिससे भारत के रहने वाले 140 करोड़ भारतीय यह जान सके कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे। इसके लिए गया, प्रयागराज, कोणार्क, हरिद्वार सहित जहां-जहां भारत के विभिन्न स्थानों पर पूर्वजों के पिंडदान की प्रक्रिया होती थी वहां पर वंशावली के दस्तावेज सुरक्षित है, ऐसे समस्त वंशावली लेखक को एवं पंडों को भी आमंत्रित किया जाएगा।




## अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने फिर की कार्यवाही

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिहं पंवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिहं एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे रेत चोर माफिया में हडकंप मचा है। 24 मार्च को टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन ने रात्रि गश्त के दौरान सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिह के साथ बेला फाटक के पास एक बिना नम्बर नीले रंग की स्वराज 735 ट्रेक्टर को अवैध रूप से उत्खनन की हुई रेत का परिवहन करते हुए रोका जाकर कार्यवाही की गई। बिना नम्बर की स्वराज ट्रेक्टर के चालक गोविन्द प्रसाद कोल पिता रामचरण कोल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नगदहा (छुलहा) व वाहन स्वामी सुभाष राठौर पिता मोहन राठौर निवासी ग्राम बर्री रेत चोरी कराने वाले सूरज राठौर पिता रामलखन राठौर निवासी सामतपुर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 173/24 धारा 379,414 ताहि. 4/21 खनिज अधिनियम 130(3)/177 एम.वी.एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर वाहन को मय रेत के जप्त किया गया एवं मौके से अवैध रेत परिवहन करते पाये गये चालक एवं रेत चोरी कराने वाले को गिरफ्तार कर वाहन स्वामी के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

# आज खेली जायेगी रंगों के पर्व की होली

## रंगों के त्यौहार से गुलजार हुआ बाजार






**अनूपपुर।**

रंगों का त्योहार होली मंगलवार होलिका दहन के साथ प्रारंभ हो गई। बाजार रंग गुलाल पिचकारी से गुलजार हो गए। गुजिया और मेवो के साथ मिठाई की दुकानो मे भी गुलजार है। होली के 1 सप्ताह पूर्व से ही बाजार सजने लगे थे। जिला मुख्यालय सहित, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, जैतहरी, वेंकटनगर, बिजुरी, कोतमा, राजनगर, रामनगर, चचाई, जमुना कॉलरी, भालूमाड़ा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व को लेकर चहल-पहल शुरू हो गई है जगह जगह रात्रि में होलिका दहन किया गया और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए गले मिले। रविवार को दिनभर बाजार में भीड़ भाड़ बनी रही त्योहार को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा जोश है।

### जगह जगह हुआ होलिका दहन

जिले भर मे शहरों व गांवो में जगह जगह बच्चों ने होलिका के लिए लकड़ी इकट्ठा करते हुए रविवार की रात्रि में शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया जो देर रात तक चलता रहा। रविवार को सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई जो देर रात तक बनी रही। लोगों ने किराना सामान सहित रोजमर्रा की सामग्रियों के साथ ही रंग गुलाल पिचकारी तथा मिठाइयो की खरीदारी जमकर की। होली में सजी दुकानों में बच्चों के साथ माता पिता खरीददारी में दिलचस्पी दिखा रहे थे। गर्मी के साथ बाजार में रौनक भी बढ़ गई है।

### होरियारों की निकलेगी टोली

सोमवार यानि आज सुबह से ही रंग खेलने के लिए बच्चों की टोलियां नगर की गलियों एवं मुख्य बाजारों में निकलने लगेगी इस बार कोरोना का खतरा नही होने के कारण लोगों मे जमकर उत्साह एवं उमंग के साथ रंग खेलने का मन बनाया है। खासकर युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा जा रहा है नगर में जगह जगह रंगों की वर्षा होगी वही लोग गुलाल से भी एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। बच्चे एवं युवा वर्ग चेहरे में आकर्षक तरह के मुखोटे एवं सिर पर बाल लगाकर रंगो के त्यौहार में मस्ती करते नजर आएंगे।

### 2 दिनों तक बाजार रहेगा बंद

होलिका दहन से शुरू हुआ त्यौहार 2 दिनों तक रंग के रंग में डूबा रहेगा। जिले सहित कोतमा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तथा कोयलांचल क्षेत्र में बाजार बंद रहेंगे जिसके लिए रविवार को ही लोगों ने जरूरत की सामग्रियो की खरीददारी कर ली है। 2 दिनों तक बाजार भी बंद रहेगा। होलिका दहन के दिन से फाग होने का सिलसिला शुरू हो गया है। सुबह से ही नगर में लोग ढोलकी टिमकी के साथ फाग गाने में मशगूल नजर आए।

# चेक पोस्ट बिजौरी में 1 लाख 30 हजार 510 रुपये की हुई नगद जप्ती



**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर आशीष वशिष्ठ द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार लोकसभा आम निर्वाचन को मद्देनजर जिले के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों तथा अंतर्राज्यीय मार्गों में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जांच नाकों की स्थापना की गई है, जहां तैनात दल द्वारा चौबिसों घण्टे आने-जाने वालो पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा में स्थित पोडकी -गौरेला मार्ग पर बनाए गए बिजौरी चेकपोस्ट पर वाहन तलाशी के दौरान पुष्पराजगढ़ तहसील के गुट्टीपारा सरई निवासी श्रीपान मजूमदार की कार से 1 लाख 30 हजार 510 रुपये नगद जप्त किए गए हैं। संबंधित के पास से मौके पर पैसे के संबंध में कोई प्रमाण व वैध दस्तावेज नही मिलने पर कार्यवाही की गई है। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कौशलेंद्र शंकर मिश्रा के नेतृत्व में टीम द्वारा की गई टीम में पुलिस के प्रधान आरक्षक मनोज सिंह आदि की भूमिका उल्लेखनी रही लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने पर जिले की सभी सीमाओं पर चेकपोस्ट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जप्त की गई राशि को जिला कोषालय में जमा कराया गया है।

### बरगवां में चैकिंग के दौरान जप्त हुई अवैध शराब

अंतरजिला शहडोल एवं अनूपपुर सीमा पर स्थित अमलाई बरगंवा चेक पोस्ट में चैकिंग के दौरान निगरानी दल द्वारा 97 ब्लू चिप, 42 आर एस अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही की गई है, जिसका अनुमानित मूल्य 19 हजार रुपये है। गौरतलब है कि अवैध शराब को धनपुरी अंग्रेजी शराब दुकान से अनूपपुर जिले के अमरकंटक ले जाया जा रहा था।

### यात्री ट्रेन तथा स्टेशन में निगरानी शुरू

यात्री ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के सामानों तथा अन्य राज्यों से आयात/निर्यात होने वाले पार्सल की जांच निगरानी दलों द्वारा की जा रही है। इस निर्देश के तहत यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री अपने साथ नही ले जा सकते। साथ ही इस जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास किसी प्रकार की अवैधानिक सामग्री पाई जाती है, तो जब्ती करते हुए उक्त व्यक्ति के विरूद्ध मामला भी दर्ज किया जाएगा। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट धनीराम ठाकुर एवं मिथला प्रसाद के नेतृत्व में आरपीएफ जीआरपी के विशन सिंह, शुभंकर सिंह, बी.के. सिंह तथा स्टॉफ द्वारा यात्री ट्रेनों तथा अनूपपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों के सामानों की जांच की गई।

# सचिव की मनमानी से परेशान सरपंच ने जनपद सीईओ से की शिकायत

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम पंचायत मुंडा के सरपंच ने शिकायत देते हुये वहां पदस्थ सचिव निधि सिंह की स्वेच्छाचारिता व लापरवाही पर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र मे लेख किया गया कि ग्राम पंचायत मुंडा सरपंच सरस्वती सिंह ने बताया कि सचिव उसके घर आकर धमकाकर कोरे मस्टर में जबरदस्ती हस्ताक्षर कराती है और ग्राम सभा का जानकारी भी सरपंच को नहीं दिया जाता है एवं योजनाओं के बारे मे ग्रामीणों को नहीं बताती है। किसी को आईडी अलग करवाना है पेंशन बनवाना है मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र तो नहीं बनती है जिसके लापरवाही से पंचायत में विकास कार्य शून्य है कभी भी ग्राम पंचायत में समय पर नहीं आती है जिस दिन आ भी गई तो वह सिग्नेचर करके निकल जाती है जिससे आये दिन ग्रामीणों को सचिव का इंतजार करना पड़ता है कि वह किस दिन पंचायत भवन में आती है कि नहीं इसी तरीके से जितने भी कार्य हुए हैं उसका आज तक मजदूरों को मजदूरी नहीं मिली और निर्माण कार्य स्थल पर कभी नहीं जाया करती है। सरपंच उपसरपंच पंच या कोई भी जनप्रतिनिधि अगर उससे फोन पर संपर्क किया जाए तो फोन भी रिसीव नहीं करती है।

# आज धुलेंडी पर मचेगी धमाल, उड़ेंगे रंग-गुलाल

## जमकर हुई मिठाई और रंगों की खरीददारी

होली का त्योहार रंगों, उमंग और नई ऊर्जा का पर्व है। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। आपसी प्रेम भाईचारे व रंगोत्सव होलिका पर्व परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। आज रविवार को शुभ मुहूर्त में नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसी के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव शुरू हो जाएगा।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



इसके पहले दिन सोमवार को धुलेंडी का त्योहार मनाया जाएगा। रविवार को जिले भर में जमकर मिठाईयों और रंग गुलाल की खरीददारी की गई। रंगों का भरा त्यौहार धुरेड़ी आज है और आज जिले की फिजा में रंग गुलाल उड़ता नजर आयेगा। इसके पूर्व गली मोहल्लों में सजी रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकानों में जमकर ग्राहकों की उपस्थिति दर्ज की गई। बच्चों के लिए कार्टून समेत फिल्मी कैरेक्टरों से सजी पिचकारियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वहीं धुरेड़ी के पूर्व बाजार में खोबे और मिठाईयों की भारी मांग देखी गई। रंग गुलाल समेत मिठाईयों के दाम भी बीते साल की अपेक्षा काफी बढ़े हुये हैं। फिर भी आमजनों के उत्साह के आगे मंहगाई हावी होती दिखाई नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की दृष्टि से प्रशासन भी पूरी तरह चौकस है। वैसे भी जिले का इतिहास शांतिपूर्वक होली मनाने का रहा है। फिर भी प्रशासन अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

### निभाई जायेंगी परंपरायें

जिले में धुरेड़ी का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। रंग गुलाल खेलने में पहले लोग ऐसे घरों में जाते हैं जहां शोक का अवसर होता है। शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचकर लोग आपसी संवेदनाएं बांटते हैं और दुख के क्षणों में भागीदार होते हैं। और उसके बाद शुरू होता है देर रात तक चलने वाला रंगों का दौर।

### शांति व्यवस्था बनाने पुलिस रख रही पैनी नजर

वहीं नगर में होली पर्व को लेकर पिछले दिनों पुलिस प्रशासन एवं शांति समिति की बैठक रखी गई थी। जिसमें पुलिस कप्तान द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसके चलते नगर में पुलिस टीम द्वारा नगर भ्रमण कर संदिग्धों पर पैनी नजर बनाये हुए है। जगह-जगह चैकिंग प्वाइंट बनाये गए हैं। जिनमें बाहर से आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा वाहनों की चैकिंग भी नगर के विभन्न चौराहों पर की जा रही है। होली पर्व पर शहर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है। धारा 144 पूर्व से लागू है। हुड़दंग करने वाले व लोगों को जबरन रंग लगाने वाले लोगों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न



**करेली ।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में आज मतदाता जागरूकता के अंतर्गत नवीन मतदाताओं को वोट के महत्व को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. ए. के. वाजपेयी एवं कला संकाय अध्यक्ष डॉ. गजानन मिश्र मतदाता जागरूकता नोडल अधिकारी डॉ तिलक सिंह राजपूत मौजूद रहे इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साधना मिश्रा बीएससी द्वतीय वर्ष, द्वतीय स्थान पवन चौधरी बीएससी द्वतीय वर्ष,तृतीय स्थान भूमिका जाटव बीएससी द्वतीय वर्ष ने प्राप्त किया ।

### शहीदी दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**करेली ।** 23मार्च का वह दिन जब वीर सपूतों ने फांसी का फंदा चूमते हुए अपने गले में डाल लिया ,और हंसते-हंसते देश आजाद कराने के लिए अपनी शहादत दे दी क्रांतिकारी,भगत सिंह, क्रांतिकारी सुखदेव, क्रांतिकारी राजगुरु जैसे महान क्रांतिकारी हम सबके दिल में हैं,और हम सबके दिल में रहेंगे आज अंग्रेजों के अत्याचार का इतिहास में पढ़कर रोम रोम खड़ा हो जाता हैं, किस प्रकार हमारे बुजुगो ने ऐसे अत्याचारों को सहन किया, दूसरे विश्व युद्ध में तो हिंदुस्तानियों का ब्लड निकालकर विदेश तक भेजा गया, हम आज खुशनसीब हैं, इन क्रांतिकारियों की वजह, से आज हम स्वतंत्र भारत, मैं खुशी की सांस ले रहे हैं, वह भी उन क्रांतिकारियों की वजह से जिन्होंने खुद मौत को गले लगाया और हमें आजादी दी उपस्थित सभी लोगों ने,कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मोन रखा।

### नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही

**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत परिवहन विभाग नरसिंहपुर द्वारा नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 20 से 23 मार्च को परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर परिवहन नियमों के उल्लंघन करने वाले 18 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 98 हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

### होलिका स्थानों पर मतदाता जागरूकता की शपथ

**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन और जिला नोडल अधिकारी स्वीप व सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में भी मतदाताओं को मतदान करने की शपथ ली जा रही है। इसी दौरान गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न होलिका स्थानों पर मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई।

**चना निरीक्षण दल का गठन**

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उपार्जन नीति के निदेर्शानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी सीजन वर्ष 2023- 24 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन कार्य 26 मार्च से 31 मई 2024 तक की अवधि में किया जायेगा। उपार्जन नीति में दिये गये निर्देश के अनुसार उपार्जन केन्द्र स्थल पर निर्धारित जिला उपार्जन समिति द्वारा किया जाना है।



## रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा एवं छात्र इकाई द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.ज्योत्सना झारिया के मार्गदर्शन एवं दलनायिका शिखा वर्मा के नेतृत्व में शहीद दिवस के अवसर पर आज दिनांक 23 /03/24 को सरदार भगत सिंह,राजगुरु एवं सुखदेव जी की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया जिसमें आम, अशोक एवं बिल्वपत्र के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर छात्रा इकाई दल नायिका शिखा वर्मा, श्रुति गुप्ता, पलक गुप्ता रौशनी चौधरी, राशिका चौरसिया, नेहा चौधरी , लक्ष्मी प्रजापति , निधि , हर्षित चौरसिया , रोहित नौरिया , सुजीता वर्मा , चांदनी मेहरा , मुस्कान मेहरा एवं बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## शहीदों की स्मृति में बलिदान दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



नागरिक सुरक्षा मंच,वरिष्ठ जन परिषद गायत्री परिवार वा योग समिति नरसिंहपुर के संयोजन में आचार्य श्रीराम सभागृह में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।अमर शहीद क्रांतिवीर भगतसिंह सुखदेव राजगुरु के पूजन अर्चन वंदन और राष्ट्र गीत से कवि सम्मेलन का आगाज हुआ।अतिथियों में पं.रामस्वरूप शर्मा डा.अनंत दुबे साहित्यकार अशोक त्रिपाठी पं.एम.एल.हरदेनिया ने अपने उदबोधन में अमर शहीदों के कृतित्व व्यक्तित्व देशप्रेम बलिदान सहित उनकी स्मृतियों को संजोया। कविवर बहादुर पटेल ने कविता पाठ में मनभावन भाव दिये। पुष्पहार सा पहन लिया हंसकर फांसी का फंदा है, तब लहराया आसमान में ये आजाद तिरंगा है। कुंजबिहारी यादव ने राष्ट्रभक्ति के मर्मस्पर्शी भाव यूं दिये, विदा देती है घर से जब वचन लेती है बेटे से,तिरंगा गाढ़कर आना या तन पर डार कर आना। ओज के सशक्त हस्ताक्षर अशोक त्रिपाठी ने भरपूर तालियों के बीच अपने काव्यपाठ से समा यूं बांधा गीत चिंगारी गीत ही शोला गीत धधकती आग का गोला, सब वीरों ने मिलकर गाया मेरा रंग दे बसंती चोला। कवि कृष्ण कांत चौबे,साहित्यकार कवि सतीश तिवारी,कविवर गणेश सोनी, कवि हरिओम शर्मा ने प्रेम भाव में भाईचारा,अमर रहे ये राष्ट्र हमारा का खूबसूरत संदेश दिया। गीतकार रामशंकर वर्मा ने सुमधुर गीत सुनाकर श्रोताओं का दिल जीता। काव्यपाठ में डा.महेश त्रिपाठी,कविवर सी.बी शर्मा ने भी अपने काव्यपाठ किए। कवि सम्मेलन का संचालन कविवर अशोक त्रिपाठी ने किया। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## मातृशक्तियों की उपस्थिति में हुआ सिंहपुर प्रीमियर लीग



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कल से प्रारम्भ हुये नॉकआउट दौर में डॉक्टर अनंत दुबे और सिद्धार्थ शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कल से प्रारम्भ हुये पहले क़्वार्टर फाइनल मैचों की श्रृंखला का पहला मैच शिवाजी इलेवन और रेजिंग बुल्स के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुये शिवाजी इलेवन ने निर्धारित दस ओवर में छः विकेट पर 151 रन का स्कोर खड़ा किया. लक्ष्य का पीछा करते हुये रेजिंग बुल्स की टीम दस ओवर में 140 रन ही बना पायी और इस प्रकार शिवाजी इलेवन ने 11 रनों से मुकाबला जीतकर सेमिफाइनल की पहली टीम होने का अधिकार प्राप्त कर लिया। कल का दूसरा क़्वार्टर फाइनल मुकाबला एम एफ सी और सिविल वारियर्स के मध्य खेला गया जिसमे एम एफ सी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये नीतेश की 57 और मयंक की 53 रन की धमाकेदार पारी की बदौलत सीमित दस ओवर में 189 रनों का रिकॉर्डतोड़ स्कोर खड़ा कर लिया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुये सिविल वारियर्स की टीम दबाव में लगातार बिखरती गयी और अंततः एम एफ सी ने 96रनों के विशाल अंतर से यह एकतरफा मुकाबला जीत लिया और इस प्रकार एम एफ सी इस टूनामेंट की दूसरी सेमीफाइनल टीम बनी। मातृशक्तियों के रूप में सर्व श्रीमती विजय लक्ष्मी महाजन, शोभना महाजन, आरती शर्मा, नीना महाजन, सावित्री चौकसे, निधि महाजन, अंजना महाजन, सरिता दुबे, सपना महाजन, वंदना सोनी, उषा पाल, मीनाक्षी महाजन, सरला चौकसे, सुषमा महाजन, मधु सोनी, रूपाली महाजन सहित शुभांगी साहू एवं तनीषा पाल उपस्थित रहे।

## गंगई गांव के झोरे के समीप देखा गया तेंदुआ

### लोगों में दहशत

तेंदूखेड़ा।



इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जंगली जानवर गांवों की तरफ पानी की तलाश में भाग कर आते देखे सुने जा रहे हैं।वन परिक्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत रम्पुरा बीट में भालू द्वारा एक महिला पर हमले की घटना की चर्चा अभी समाप्त ही नहीं हो पाई थी कि ग्राम गंगई में दोपहर के समय एक झोरे के समीप गेंहू की फसल काट रहे एक युवा झोरे मे शौच क्रिया के लिये गया हुआ था पूर्व से बैठे तेंदुआ ने जैसे ही युवा को आते देखा युवा की तरफ छलांग लगाई ही थी कि चीखते हुये युवा वहां से भागा। और बड़ी संख्या मे खेत मे फसल काट रहे लोग वहां से भाग निकले और जोर जोर से हल्ला मचाने लगे। हल्ला और दहशत में आकर तेंदुआ कहीं जाकर छिप गया। निशान देही और पंजों के निशान के आधार पर तेंदुआ होने की ही अशंका जाहिर की है। इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई है। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा। और पद चिन्हों के आधार पर तेंदुआ के ही पंजे के निशान बताये जा रहे है। वनविभाग की टीम काफी देर तक झोरे के काफी दूर तक छानबीन करती रही लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। हो सकता है खेत ही खेत वह कहीं और भाग निकला हो। चूंकि गंगई से जंगल काफी दूरी पर है लेकिन पानी और भोजन की तलाश मे वह रात मे यहां पर पंहुच गया हो जिसे इंकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों मे इस विषय को लेकर दहशत का भाव देखने को मिल रहा है।

## भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी गठित

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों भारत विकास परिषद तेंदूखेड़ा के आगामी सत्र की बैठक आयोजित की गई।जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रीजनल चेयरमैन सुनील कोठारी, भारती कौरव रीजनल चेयरमैन( महिला विकास अधिकारी)पर्यवेक्षक राजेंद्र राजपूत जिला समन्यक नरसिंहपुर, संजय तिवारी प्रांत महा सचिव मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी में शाखा अध्यक्ष



रामकुमार ठाकुर शाखा सचिव अमित खरे कोषाध्यक्ष पंकज स्वदेशी, उपाध्यक्ष श्रीमती अर्पणा चौबे (महिला बाल विकास) एवं त्रिलोक जैन (प्रभारी वृक्षारोपण,सहसचिव) बसंत खेरोनिया( गुरु वंदना, पर्यावरण प्रभारी), संगठन मंत्री सचिंद्र गुप्ता (भारत को जानो, राष्ट्रगान प्रतियोगिता प्रभारी), इसके साथ ही राजू पाली (नेत्र विभाग, स्वास्थ्य शिविर प्रभारी), बीडी विश्वकर्मा, श्रीमती विभा जैन (महिला प्रभारी)को जिम्मेदारी दी गई रीजनल अध्यक्ष श्री कोठारी जी ने भारत विकास परिषद के लक्ष्य एवं पूरा करने की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला वहीं भारती कौरव, राजेंद्र राजपूत, संजय तिवारी, रजनीश जैन ने समन्वय स्थापित कर उनके सहयोग व समर्पण से परिषद विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से सेवा पर्यावरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व की भांति मानवता एवं राष्ट्र के हित में समय-समय पर कार्यक्रम करने के लिए संकल्पबद्ध है आभार प्रकट सचिव अमित खरे ने किया।

**उप नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं देवराज झारिया आ. मोती लाल झारिया आयु 38 वर्ष पेशा शिक्षण कार्य निवासी ग्राम खुरपा बड़ा जिला व तहसील नरसिंहपुर म. प्र. अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों , आधार कार्ड , पेन कार्ड एवं समस्त अंक सूचियों मे अपना नाम देवराज झारिया लेख करता चला आ रहा हूं मे मेहरा जाति सदस्य हूं तथा झारिया मेहरा जाति की उपजाति (सरनेम) है जो कि मे अपने शासकीय, अर्द्ध शासकीय व नौकरी से संबंधित दस्तावजों मे स्वंय का उपनाम (सरनेम) मेहरा के स्थान पर झारिया अंकित कराने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं अतः मेरे शासकीय, अर्द्धशासकीय व सरकारी नौकरी से संबंधित दस्तोवजों मे मेरा नाम देवराज झारिया पिता मोती लाल झारिया लिखा व पढ़ा व समझा जाये ।

पुराना नाम
देवराज मेहरा पिता मोती लाल मेहरा
नया नाम
देवराज झारिया पिता मोती लाल झारिया